कलेक्टर ने नगर निगम के ... पृष्ठ 2 | परीक्षा के परिणाम अंतिम नहीं... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


गुरूवार, 01 मई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 191, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## कैबिनेट ने कई बड़े निर्णय : बर्खास्त बीएड डिग्रीधारी 'सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला' बनेंगे, मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना शुरू होगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय कैबिनेट की बैठक में बर्खास्त बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों के हित में सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने हरिभूमि डाट काम को बताया कि, सरकार ने बर्खास्त 2621 बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों के हित में बड़ा फैसला लिया है। उनका सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के पद पर समायोजन किया जाएगा। अब कैबिनेट की बैठक समाप्त होने के बाद डिप्टी सीएम अरुण साव लिए गए निर्णयों की जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि, 2621 बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों की बहाली होगी। श्री साव ने बताया कि, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के पद पर इनका समायोजन होगा। इसके अलावा श्री साव ने बताया कि, राज्य में तकनीकी शिक्षकों को सशक्त बनाने निर्णय लिया गया है। नवा रायपुर में स्टेट ऑफआर्ट 'निलिट' की स्थापना होगी। ह्द्ध्श्वरुद्धञ्ज को नवा रायपुर में 10.23 एकड़ भूमि निशुल्क दी जाएगी कृषक उन्नत योजना के तहत किसानों के हित में भी निर्णय लिया गया है। किसानों को आदान सहायता राशि देने का निर्णय लिया गया है। खरीफ मौसम में सहकारी समिति और बीज निगम से खरीदी करने वाले किसानों को फायदा होगा। नक्सल क्षेत्रों में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने की भी पहल की गई है। इसके लिए बस संचालकों को दी जाएगी विशेष रियायत। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना शुरू की जाएगी। उल्लेखनीय है कि, छत्तीसगढ़ में बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार 18 अप्रैल को नया रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की थी। यह मुलाकात पिछले 126 दिनों से सेवा, सुरक्षा एवं समायोजन की मांग को लेकर चल रहे धरना- प्रदर्शन के संबंध में हुई थी। सीएम साय से आश्वासन मिलने के बाद आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया गया था। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ राज्य के सुदूर अनुसूचित एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां यात्री परिवहन की सुविधा कम है, वहां आम जनता को सुलभ परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए च्मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सुविधा योजनाच्च् शुरू करने का अहम निर्णय लिया गया है। इस योजना के तहत हल्के/मध्यम परिवहन मोटरयान 18 से 42 बैठक क्षमता (चालक को छोड़कर) के वाहन को अनुज्ञा पत्र और सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। नवीन ग्रामीण मार्गो के विनिर्धारण के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर समिति का गठन किया जाएगा। अनुज्ञा का लाभ छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को मिलेगा, जिसमें अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं तथा नक्सल प्रभावितों को प्राथमिकता दी जाएगी। लाभार्थियों का चयन निविदा प्रक्रिया से किया जाएगा। इस योजना के तहत संबंधित वाहन स्वामी को ग्रामीण मार्गों पर वाहनों के संचालन के लिए प्रथम परमिट निर्गमन की तिथि से तीन साल अधिकतम अवधि के लिए मासिक कर में पूर्णतः छूट दी जाएगी। इस योजना के तहत संचालित विभिन्न श्रेणी के वाहनों को राज्य शासन द्वारा प्रथम वर्ष 26 रूपए प्रति किलोमीटर, द्वितीय वर्ष 24 रूपए प्रति किलोमीटर तथा तृतीय वर्ष 22 रूपए प्रति किलोमीटर विशेष वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना में दृष्टिहीन, बौद्धिक दिव्यांग, दोनों पैरों से चलने में असमर्थ दिव्यांग, 80 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक, एड्स से पीड़ित व्यक्तियों को एक परिचारक के साथ किराया में पूरी छूट रहेगी, वहीं नक्सल प्रभावित व्यक्तियों को आधा किराया लगेगा। मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश की तकनीकी शिक्षा को सशक्त बनाने और डिजिटल कौशल को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिसके तहत नवा रायपुर अटल नगर में स्ल्ड्डुल्ह्द्ग शद्ध/ह्ल्ल ह्द्ध्श्वरुद्धञ्ज की स्थापना के लिए राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ह्द्ध्श्वरुद्धञ्ज को 10.023 एकड़ भूमि निःशुल्क आवंटित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। राज्य में ह्द्ध्श्वरुद्धञ्ज केन्द्र की स्थापना से छत्तीसगढ़ में तकनीकी शिक्षा, डिजिटल कौशल विकास और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा।



## पहलगाम हमले के बाद सीसीए की बैठक, सीमा पार जवाबी कार्रवाई की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा?

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की सुरक्षा मामलों की समिति की बैठक में पहलगाम आतंकी हमले के बाद सीमा पार की जाने वाली संभावित जवाबी कार्रवाई की तैयारियों पर चर्चा हुई। साथ ही इस बैठक में जम्मू-कश्मीर की समग्र आंतरिक सुरक्षा से लेकर सीमा पर सैन्य सुरक्षा की वर्तमान स्थितियों की समीक्षा भी की गई। पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों को सबक सिखाने के लिए मंगलवार को प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय सेनाओं को जवाबी कार्रवाई की खुली छूट दिए जाने के बाद सीसीएस की यह पहली बैठक थी। भारत-पाकिस्तान के बीच सीमा पर गहराते तनाव के बीच सीसीएस की इस बैठक से पहले सुरक्षा रणनीति को चाक-चौबंद करने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का बुधवार को पुनगर्ठन करते हुए खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को इसका अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। साथ ही सरकार ने तीनों सेनाओं के एक-एक वरिष्ठ सेवानिवृत अधिकारियों तथा एक पूर्व राजनयिक तथा एक पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को एनएसएबी में सदस्य नियुक्त करने का निर्णय लिया है। वहीं कैबिनेट की बैठक के उपरांत प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई सीसीएस की बैठक में जम्मू-कश्मीर के साथ ही देश की संपूर्ण पश्चिमी सीमाओं की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद सीसीएस की यह दूसरी बैठक इस लिहाज से अहम रही कि मंगलवार को रक्षामंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ हुई शीर्ष स्तरीय बैठक में प्रधानमंत्री ने तीनों सेनाओं को पहलगाम हमले के परिप्रेक्ष्य में जवाबी सैन्य कार्रवाई की पूरी छूट दे दी थी। आतंकवाद को करारा जवाब देने के राष्ट्र के संकल्प को दोहराते हुए पीएम ने इस बैठक में सेनाओं की पेशेवर क्षमता पर पूरा भरोसा जताते कहा था कि हमारी जवाबी कार्रवाई का तरीका, टारगेट और समय इस तरह के सभी ऑपरेशनल निर्णय लेने के लिए सैन्य बलों को खुली छूट है। सीसीएस की बुधवार को हुई बैठक में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, विदेशमंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल मौजूद थे। पहलगाम हमले के बाद बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड में किया गया बदलाव इस रणनीति के हिसाब से महत्वपूर्ण है कि भारतीय सैन्य बलों की ओर से आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की संभावनाएं प्रबल हैं। बताया जाता है कि जोशी के अलावा पश्चिमी एयर कमान के पूर्व कमांडर एयर मार्शल पीएम सिन्हा, सेना के दक्षिणी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल ए के सिंह और नौसेना के पूर्व रियर एडमिरल मोंटी खन्ना को बोर्ड का सदस्य बनाया गया है।



## छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण सभा द्वारा भगवान श्री परशुरामजी के जन्मोत्सव पर पूजा अर्चना की गई



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण सभा द्वारा भगवान श्री परशुरामजी के जन्मोत्सव पर समाज भवन में परशुरामजी के तैलचित्र की पूजा अर्चना किया गया जिसमें शरद तिवारी, उमेश मिश्रा, पोषण शुक्ला, विष्णु चौबे,अभ्युदय पांडेय,नवीन शर्मा, अशोक तिवारी, अशोक पांडेय ,अथर्व शुक्ला,उक्त जानकारी सचिव महेंद्र शुक्ला द्वारा दी गई।

## सुशासन तिहार बना आवेदकों के 5 लिए समाधान का माध्यम

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सुशासन तिहार 2025 में प्राप्त आवेदनों का सकारात्मक निराकरण किया जा रहा है। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत अछोली निवासी श्रीमती भारती साहू, श्रीमती वैशाली कोचे व श्रीमती सुखवंतीन साहू तथा ग्राम पंचायत पुरैना निवासी श्रीमती पूर्णिमा, श्रीमती मनीषा द्वारा सुशासन तिहार 2025 में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण हेतु मांग के संबंध आवेदन प्रस्तुत किया गया था। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग जनपद पंचायत डोंगरगढ़ द्वारा प्राप्त आवेदन पर कार्रवाई करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायतों के प्रगणकों द्वारा आवास प्लस 2.0 मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वेक्षण का कार्य किया गया तथा योजनांतर्गत आवास प्रदाय करने हेतु सकारात्मक पहल की गई। सर्वेक्षित परिवारों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आवेदन करने के कुछ ही दिनों में समस्या का समाधान हो गया एवं आवास की सर्वे सूची में नाम शामिल हो गया।



## बुद्ध पूर्णिमा को गृहे गृहे गायत्री यज्ञ होंगे

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में अखंड दीप प्राकट्य की शताब्दी और परम वंदनीया माताजी की जन्म शताब्दी के निमित्त गृहे गृहे गायत्री यज्ञ संपन्न होंगे। 24 लाख घरों में यज्ञ संपन्न कराने का लक्ष्य रखा गया है। गायत्री परिवार के उपजोन प्रभारी जयप्रकाश सिन्हा ने बताया है कि इन दिनों पूरे विश्व में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे हैं। जन्म शताब्दी वर्ष युग परिवर्तन की विशिष्ट बेला है ।यह देवत्व के नवजागरण की मंगल बेला है। यह सूक्ष्म जगत के शोधन और पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष पुरुषार्थ का समय है ।प्रस्तुत बुद्ध पूर्णिमा के दिन राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किए जाने वाले सामूहिक यज्ञ प्रयोग का उज्जवल भविष्य के निर्माण में अद्वितीय योगदान होगा। इस वर्ष भी विगत कई वर्षों की भांति 11मई रविवार एवं 12मई बुद्ध पूर्णिमा को देश के 24 लाख घरों में यज्ञ करने का विराट लक्ष्य रखा गया है ।संकल्प है कि जन्म शताब्दी वर्ष तक भारतवर्ष के दो करोड़ घरों को यज्ञ के माध्यम से गायत्री और यज्ञ की चेतना से जोड़ लिया जाये ।वे आत्माएं बड़ी सौभाग्यशाली होंगी, जिन्हें महाकाल के संकल्प के साथ जुड़कर भगवान के साथ साझेदारी करने का अवसर प्राप्त होगा।



## अंतराष्ट्रीय लॉ मूट कोर्ट प्रतियोगिता ऑक्सफोर्ड में जज बनी छत्तीसगढ़ की सुगंधा जैन

### विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन किया संपूर्ण भारत से बतौर जज अकेले हुई शामिल



**मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं सांसद ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं!**

**रायपुर।** बोनवेरो इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन राइट्स की ओर से 21 अप्रैल से शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 के बीच ऑक्सफोर्ड में आयोजित हुए 18वें वार्षिक मोनरो ई. प्राइस मीडिया लॉ मूट कोर्ट प्रतियोगिता के अंतर्राष्ट्रीय राउंड में छत्तीसगढ़ की बेटी और सुप्रीम कोर्ट की वकील सुगंधा जैन संपूर्ण भारत से बतौर जज अकेले शामिल हुई। यह पहला अवसर था जब विधि से जुड़ा छत्तीसगढ़ का कोई व्यक्ति अंतराष्ट्रीय लॉ से संबद्ध आयोजन में जज बनी है। इस प्रतिष्ठित आयोजन में दुनिया भर के लगभग 150 देशों के लॉ यूनिवर्सिटी के छात्र शामिल हुए थे। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय लॉ से संबंधित बारीकियों विशेष तौर पर मानवाधिकार पर भी जज के रूप में सुगंधा ने दुनियाभर के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। रायपुर छत्तीसगढ़ की रहने वाली 30 वर्षीय सुगंधा जैन पिछले 8 सालों से सुप्रीम कोर्ट में वकालत कर रही है। इसके साथ ही विभिन्न राज्यों के शासकीय संस्थानों से संबद्ध है। वह महिला उत्थान एवं कानूनी जागरूकता को लेकर जन जागरण अभियान में भी अपना योगदान देती रही है। आज लॉ जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अंतर्राष्ट्रीय मंच में पहुंचकर भारत का मान बढ़ाने वाली सुगंधा की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने उन्हें छत्तीसगढ़ का गौरव बताते हुए बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। और उन्हें नौजवान पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बताया है।



## दादी झंकार महिला मंडल द्वारा अक्षय तृतीया पर मट्ठा वितरण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आज नगर की सक्रिय महिला मंडल दादी झंकार महिला मंडल एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय भदौरिया चौक में शीतल मट्ठा वितरण किया । महिला संगठन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अनेक स्वयं सेवी महिलाओं द्वारा पिछले लगभग 12 वर्षों से प्रतिवर्ष अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भीषण गर्मी को देखते हुए सड़क में चलते राहगीरों को शीतलता प्रदान करने शीतल पेय के रूप में सुपाच्य मट्ठा का वितरण किया जा रहा है । इसी तारतम्य में आज अक्षय तृतीया के दिन भदौरिया चौक में लगभग 150 लीटर दही से निर्मित 600 लीटर मट्ठा के 4000 गिलास मट्ठा का वितरण किया गया । सड़क में चलने वाले राहगीर रुककर स्वादिष्ट शीतल मट्ठा का आनंद लेते देखे गए एवं महिला संगठन की तारीफ करते रहे ।



## निर्माणाधीन स्टेडियम से लगा खेल प्रेमियों को झटका, मैदान के अन्दर ही बना दी गई सीसी सड़क

### बिना सीमांकन शुरू किया गया स्टेडियम निर्माण शासन प्रशासन एवं नगर पंचायत के लिए बनी मुसीबत



**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय धनराशि का दुरुपयोग किस तरह होता है इसे नगरीय निकाय क्षेत्र के एक मात्र खेल मैदान ग्रीन हिल पार्क क्रिकेट स्टेडियम से समझा जा सकता है। नगर पंचायत चुनाव के आचार संहिता लगने से पूर्व आनन फानन में शुरू किए गए स्टेडियम निर्माण कार्य में पुरानी परिषद द्वारा इतनी हड़बड़ी दिखाई गई, कि बिना सीमांकन के शुरू किए गए निर्माण कार्य से मैदान का क्षेत्रफल ही घट गया है। यदि निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा खानापूर्ति की गई तो भविष्य में इस मैदान में क्रिकेट, हॉकी व फुटबाल के मैचों के लिए मैदान छोटा पड़ जाएगा। तथा इस निर्माण कार्य के औचित्य पर ही प्रश्नचिन्ह खड़ा होने लगेगा। 50 लाख की लागत से नगर के वार्ड क्रमांक 4 ट्राईबल कॉलोनी में नगर पंचायत द्वारा स्टेडियम निर्माण किया जा रहा है। नगरीय निकाय चुनाव आचार संहिता लगने से पूर्व प्रारंभ किए गए स्टेडियम निर्माण के लिए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा इतनी जल्दबाजी दिखाई गई कि अब यदि निर्माणाधिन कार्य पूर्ण होता है तो स्टेडियम के निर्माण पर ही न केवल सवाल उठाने लगेंगे, बल्कि जिन उद्देश्यों को लेकर शासकीय धनराशि का खर्च किया जा रहा है, उस पर न केवल पानी फिर जाएगा बल्कि इस नगर व क्षेत्र हजारों खेल प्रेमियों को स्टेडियम निर्माण से निराशा झेलनी पड़ेगी।

**बिना सीमांकन शुरू किया गया स्टेडियम निर्माण**

नगर के एक मात्र खेल मैदान जहां पर नगर पंचायत द्वारा स्टेडियम निर्माण कराया जा रहा है यह भूमि आदिम जाति कल्याण विभाग के स्वामित्व में है। ट्राईबल विभाग के इस खेल मैदान पर स्टेडियम निर्माण से पूर्व जमीन का सीमांकन किया जाना अतिआवश्यक था। शिकायत है कि मैदान की काफी जगह को आस पास निवास करने वाले लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। लेकिन चुनाव से पूर्व स्टेडियम निर्माण के लिए नगर पंचायत की पुरानी परिषद द्वारा इतनी शीघ्रता दिखाई गई कि मैदान का काफी कुछ हिस्सा एवं शासकीय जमीन मुफ्त में आस पास के लोगों में रेवड़ी की तरह बट गया है।

**मैदान के अन्दर बना दी गई सीसी सड़क**

मैदान का बिना सीमांकन शुरू किए गए स्टेडियम निर्माण का कार्य अब नगर पंचायत के नई परिषद के लिए न केवल मुसीबत बन गया है बल्कि शासन प्रशासन के लिए भी यह काम परेशानियों भरा हो गया है। कुछ दिनों पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने खेल मैदान का सीमांकन कराया, तो यह सच सामने आया, पुरानी परिषद द्वारा हड़बड़ी में मैदान के अन्दर ही सीसी सड़क बना दिया गया है। अब नई परिषद के लिए उलझन इस बात की है कि यदि सीसी सड़क को हटाया नहीं जाता है तो स्टेडियम का स्वरूप व क्षेत्रफल छोटा हो जाएगा। और यदि हटाते है तो हाल ही में बने सीसी सड़क में खर्च हुई राशि मिट्टी में चला जाएगा।

**श्रेय लेने की होड़ या कमीशन का खेल**

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगर पंचायत चुनाव के आचार संहिता लगने से पूर्व शुरू किए स्टेडियम निर्माण कार्य को शासन प्रशासन का आदूरदर्शितापूर्ण कार्यवाही एवं पूरी तरह शासकीय धनराशि का दुरुपयोग करना बताया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि स्टेडियम निर्माण शुरू करने से पूर्व खेल मैदान का सीमांकन कराया जाना आवश्यक था। साथ ही मैदान के मालिक आदिम जाति कल्याण विभाग से समन्वय बना कर जमीन का स्वामित्व नगर पंचायत को लेना आवश्यक था। नगर अध्यक्ष ने कहा कि पुरानी परिषद का यह काम पहली नजर में चुनाव में श्रेय लेने की हड़बड़ाहट नजर आती हैं।



nandgaon times may-01-1.qxd 5/1/2025 12:01 AM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) डोंगरिया कोंध जनजाति किस राज्य में पाई जाती है?*
*2) किस सिक्ख गुरु ने गुरु नानक की जीवनी लिखी थी?*
*3) कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं इसका निर्णय राज्य में कौन करता है?*
*4) कौन सा भारत का विश्व स्तर पर स्वीकृत राष्ट्रीय हॉटस्पॉट है?*
*5) 27 मार्च 2025 को किसने नामीबिया की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) ओडिशा (2) गुरु अंगद देव (3) विधान सभा का अध्यक्ष (4) हिमालय, सुंडालैंड और पश्चिमी घाट (5) नेटुम्बो नंदी-नदैतवा

## सहायक अभियंता कामना सिंह यादव को सेवानिवृत्त होने पर निगम में दी गई बिदाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम के सहायक अभियंता श्री कामना सिह यादव सेवकाल के दौरान अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हुये। जिन्हें आज वी.सी हॉल में आयोजित बिदाई समारोह



में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा एवं तकनीकि अधिकारियों की उपस्थिति में भावभिनी बिदाई दी गयी। बिदाई समारोह में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.राटेके व श्री दीपक खाण्डे ने श्री यादव को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया तथा भविष्य निधि की राशि का चेक दिया गया। बिदाई समारोह में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि लंबे समय तक सेवा देकर यादव साहब आज सेवानिवृत्त हो रहे है। लम्बे समय तक कार्य करने से परिवार की तरह जुडाव हो जाता है, जिसके कारण सेवानिवृत्त होने पर तकलीफतो होती है पर शासन नियमों के तहत सेवा मुक्त होना पडता है। लेकिन आप इस निगम परिवार के सदस्य है, इसलिये आप हमसे अलग नहीं है और भावनात्मक रूप से जुडे है। उन्होने कहा कि यादव साहब ने इंजीनियर के रूप में लगन से कार्य किया मेरे समय में उन्होंने वार्ड परिसीमन के कार्यो का बखूबी निर्वाहन किया, जिससे उनकी कार्य दक्षता परिलक्षित हुई। दिन रात अपनी टीम के साथ उन्होंने परिसीमन के कार्यो को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्यगत कारणों से उन्हे अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में परेशानी आई, लेकिन आज वे स्वस्थ होकर सेवानिवृत्त हो रहे है, मै भगवान से उनके दीर्घायु होने एवं उज्जवल भविष्य की कामना करता हॅू। कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने कहा कि यादव जी के साथ काफी लंबा समय कार्य करने का मौका मिला, कुछ माह के अंतर में हम लोगो ने निगम में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि पहले के समय में नगरीय निकायों में संसाधनों की कमी थी पर कम संसाधन में भी श्री यादव ने अपने दायित्वो का कुशलतापूर्वक निर्वाहन किया, जो हमे सीख देती है, आज शासन के सेवानिवृत्त नियम के तहत अपने कार्यो से मुक्त हो रहे है। मै इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हॅू। सहायक अभियंता श्री यादव ने कहा कि मेरे सर्विस काल में छोटे से बड़े सभी अधिकारी कर्मचारी का पूरा सहयोग मिला और पारिवारिक वातावरण में कार्य करने का अवसर मिला जिसे मै कभी भुला नही पाउंगा। लगभग एक वर्ष से स्वास्थ्य खराब होने पर भी सभी का पूरा सहयोग मिला, जिसके लिये मै निगम परिवार का सदा आभारी रहूंगा। इस अवसर पर सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, सहायक लेखाधिकारी श्री राकेश नंदे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# परीक्षा के परिणाम अंतिम नहीं, हिम्मत से काम लीजिए हजारों रास्ते आपका इंतजार कर रहे हैं - हेमंत सलामे प्रधान पाठक

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिरचारीकला,विकासखंड छुरिया,जिला राजनांदगांव का 2024- 25 वार्षिक परीक्षा परिणाम संस्था के प्रधानपाठक श्री हेमंत सलामे,शिक्षक श्रीमती सविता सलामे,संतोष कुमार निर्मलकर,देवेंद्र साहू व शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र साहू की उपस्थिति में घोषित किया गया। इस मौके पर प्रथम तीन स्थानों पर आने वाले विद्यार्थियों को स्कूल की ओर से प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो पुरस्कृत भी किया गया। कक्षा 6वीं में प्रथम स्थान चंद्रभूषण,द्वितीय स्थान कु.शशि,तृतीय स्थान कु. दुर्गेश्वरी कक्षा 7वीं में प्रथम स्थान मूलकरण, द्वितीय स्थान लव कुमार, तृतीय स्थान ईशु कुमार 8वीं में प्रथम स्थान कु. चुकेश्वरी, द्वितीय स्थान मनोहर तृतीय स्थान कु.कंचन ने प्राप्त किया।इस अवसर पर प्रधान पाठक श्री हेमंत सलामे ने कहा कि इस सत्र का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने इसके लिए बच्चों, अध्यापकों को उनकी मेहनत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बच्चों की वर्ष भर की मेहनत का परिणाम है। इसके साथ ही उन्होंने सबको जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करने पुरजोर मेहनत करने का संकल्प भी दिलाया। सभी बच्चों से कहा कि जिंदगी में हम तमाम उतार-चढ़ाव से गुजरते हैं और रास्ते में आई मुश्किलों को अपनी हिम्मत और धैर्य से मात भी देते हैं। जीवन में जब भी कभी असफलता



मिलती है, तो समझ नहीं आता कि उसका सामना हम किस तरह से करें। हम सभी के जीवन की पहली कड़ी और अथाह उम्मीदों से भरी होती है परीक्षा होती है बोर्ड की परीक्षा। छात्रों से अधिक उनके माता-पिता परिणामों का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

प्राथमिक प्रधान पाठक श्री दुर्गेश मालेकर ने कहा कि जिस दिन रिजल्ट की घोषणा होती है, उसी दिन संभवत: पहली बार हमारे समाने सफलता और विफलता पर खुद को संभालने की चुनौती होती है। उसी दिन हमें पहली बार अपने धैर्य से स्थिति से निपटना होता है। असफल होने के बाद कुछ छात्र अनुचित कदम उठा लेते हैं, लेकिन उन्हें भी समझने की जरूरत है, यह महज जीवन का एक पड़ाव है। उन्हें यह समझना चाहिए कि बस एक और कोशिश असफलता की कड़वाहट को दूर कर सकती है। बस नाजुक समय में हिम्मत और धैर्य से काम लेना होगा। ऐसे में छात्रों को असफलताओं से परे अपने भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करनी चाहिए।इस परीक्षा में असफल हुए छात्रों को लेकर माता-पिता व अभिभावकों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। शिक्षक देवेंद्र साहू ने कहा कि सकारात्मक बने रहें ऐसे लोगों के बीच रहने की कोशिश करें जो आपका उत्साह बनाए रखे। सकारात्मक रहना हमें सफल बनाने में मदद करता है। सकारात्मकता से जीवन में नए दृष्टिकोण विकसित करने में मदद मिलेगी। शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र साहू ने कहा कि असफलता हमें निराश जरूर करती है, लेकिन हमें उससे भी सबक सीखना चाहिए ताकि भविष्य में हम अपनी गलतियों को ना दोहराएं। आलसी न बन कर प्रत्येक कार्य जिम्मेदारी के साथ समय से पूरा करने की कोशिश करें क्योंकि आलस्य मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन होता है। जीवन के लक्ष्य को पाने के लिए लगातार कड़ा परिश्रम करते रहें।

## स्कार्पियो ने मासूम को रौंदा, हालत नाजुक

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसे में तेज रफ्तार स्कार्पियो ने छह वर्षीय मासूम बच्ची को रौंद दिया। घटना उस समय हुई जब बच्ची खुशिका कुंभकार अपनी बहन के साथ सदर लाइन में पास की पुस्तक दुकान से पेन कापी खरीदने जा रही थी। सीजी 08 एवाई 1831 नंबर की स्कार्पियो एक तंग गली से तेज रफ्तार में गुजर रही थी, जिसे प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक नाबालिग लड़का चला रहा था। हादसे के बाद आरोपी नाबालिग वाहन सहित मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना में बच्ची को गंभीर चोटें आई हैं और उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही है। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद उसे

**नाबालिग चला रहा था तेज रफ्तार गाड़ी, हादसे के बाद फरार**

राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

**स्कार्पियो ने की कई गाड़ियों से टक्कर**

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि स्कार्पियो ने भागते समय एक तीन चक्का ऑटो और सुभाष कुमार सोनी की हुंडई अल्काजार (सीजी 08 एटी 2550) को भी घसीटते हुए नुकसान पहुँचाया। यह स्पष्ट करता है कि गाड़ी बेहद तेज रफ्तार में थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका।

**मालिक पर आरोप: बचाव में जुटा है रसूखदार**

सूत्रों के अनुसार स्कार्पियो का मालिक पुलिस कार्रवाई से बचने और नाबालिग चालक को बचाने के प्रयास में जुटा है। वह एक अन्य व्यक्ति को ड्राइवर बताकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है और घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य साक्ष्य खंगाल रही है।

## बुचीभरदा स्कूल में केशरी साहू पांचवीं में अव्वल

**बुचीभरदा ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव विकासखंड के सुरगी संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बुचीभरदा का सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष - उत्तम सिंह कलिहारी के मुख्य आतिथ्य एवं उपाध्यक्ष चुनूराम साहू के विशिष्ट आतिथ्य में प्रधान पाठक राकेश सोनी के द्वारा घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा। कक्षा पांचवीं में प्रथम - केशरी साहू, द्वितीय - रूही पंचभावे, तृतीय - वीरा साहू। कक्षा चौथी में प्रथम - भाविका साहू, द्वितीय - एकता साहू, तृतीय - प्रियंका साहू। कक्षा - तीसरी में प्रथम - भूपेश कुमार साहू, द्वितीय - यमन कुमार निषाद, तृतीय - चंद्रप्रभा साहू।



कक्षा दूसरी में प्रथम - जानवी निषाद, द्वितीय - देवेंद्र साहू, तृतीय - लक्ष्य कुमार एवं कक्षा - पहिली में प्रथम - तुशिका साहू, द्वितीय - दामिनी निषाद, तृतीय - हिमांशु कुमार साहू रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तम सिंह कलिहारी ने छात्र-छात्राओं को बधाई शुभकामनाएँ देते हुए कठिन परिश्रम करने और अनुशासन में रहकर अपना, विघालय और अपने माता पिता का नाम रोशन करने को कहा। इस अवसर पर प्रधान पाठक प्राथमिक राकेश सोनी, माध्यमिक प्रधान पाठक विभूति ठाकुर सहित शिक्षकगण, एस एम सी अध्यक्ष उत्तम सिंह कलिहारी, उपाध्यक्ष चुनूराम साहू, धर्मेन्द्र साहू, परमिला साहू एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

# हॉकी इंडिया की 112वीं कार्यकारिणी बैठक केरल में सम्पन्न

## हॉकी खेल के विकास को लेकर लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय फिरोज अंसारी शामिल हुए



**तिरुवनंतपुरम ( नांदगांव टाइम्स )।** हॉकी इंडिया की 112वीं कार्यकारिणी बैठक केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम के होटल कार्तिका इन मे सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप कुमार तिर्की ने की, इस अवसर पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह व छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष एवं हॉकी इंडिया के संयुक्त सचिव फ़िरोज़ अंसारी की गरिमामयी उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत में हॉकी खेल को और अधिक लोकप्रिय बनाना, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में नई प्रतिभाओं की खोज करना तथा देश भर में खेल अधोसंरचना को और मजबूत बनाना रहा। बैठक में भारत के विभिन्न राज्यों में चल रही हॉकी विकास योजनाओं की समीक्षा की गई और भविष्य की रणनीतियों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णयों में शामिल हैं: राष्ट्रीय चैंपियनशिप प्रमाणपत्र का डिजिटलीकरण: खिलाड़ियों की भागीदारी का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार कर प्रमाणपत्र ऑनलाइन प्रणाली से प्रदान किए जाएंगे, जिससे पारदर्शिता और सुविधा दोनों सुनिश्चित होंगी। हॉकी इंडिया लीग का आगामी संस्करण: जनवरी 2026 के दूसरे सप्ताह में आयोजित किया जाना प्रस्तावित। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं हेतु वाणिज्यिक एजेंसियों की नियुक्ति: आयोजन की गुणवत्ता व प्रबंधन को सुदृढ़ करने हेतु यह कदम उठाया गया। तकनीकी स्टाफकी नियुक्तियाँ: हॉकी इंडिया कार्यालय और राष्ट्रीय टीम के लिए नई नियुक्तियाँ स्वीकृत। नई अकादमियाँ शामिल वीर शिवाजी हॉकी अकादमी, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) जूड फेलिक्स हॉकी अकादमी, बेंगलुरु (कर्नाटक) प्रोत्साहन योजनाएँ: खिलाड़ियों व स्टाफ के लिए नई आर्थिक सहायता योजनाओं को मंजूरी। अमिटी यूनिवर्सिटी द्वारा छात्रवृत्ति प्रस्ताव की स्वीकृति अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की



जाएगी। महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी पुरुष एशिया कप 2025 - 29 जुलाई से बिहार के राजगीर में आयोजन। जूनियर पुरुष विश्व कप 2025 ङ्क 28 नवंबर से चेन्नई व मदुरै (तमिलनाडु) में संभावित आयोजन। अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने बैठक के समापन पर कहा, च्भारत की हॉकी विरासत गौरवशाली है और हमारा उद्देश्य है कि हम एक बार फिर इस खेल में विश्वशक्ति बनें। इसके लिए हम सभी स्तरों पर कार्य कर रहे हैं। संयुक्त सचिव फ़िरोज़ अंसारी ने भी बैठक में सक्रिय भूमिका निभाई और छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे हॉकी विकास कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि च्नवीन योजनाओं और डिजिटल नवाचारों के माध्यम से हम देश के हर कोने से हॉकी प्रतिभाओं को उभारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह बैठक भारतीय हॉकी के भविष्य की दिशा तय करने वाली एक ऐतिहासिक पहल मानी जा रही है, जिससे न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी भारत की स्थिति मजबूत होने की उम्मीद है।

## धर्म समाचार....


# भानु सप्तमी की पूजा में करें सूर्य देव के इन मंत्रों का जप, कारोबार में खूब होगी तरक्की




वैदिक पंचांग के अनुसार हर महीने के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर सूर्य देव की पूजा का विधान है। इस तिथि पर भानु सप्तमी मनाई जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार सूर्य देव की पूजा करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। आइए जानते हैं कैसे करें सूर्य देव को प्रसन्न? वैदिक पंचांग के अनुसार, इस बार वैशाख माह में भानु सप्तमी का पर्व 04 मई को मनाया जाएगा। इस दिन सुबह स्नान करने के बाद सूर्य देव की पूजा की जाती है। पूजा के दौरान सूर्य देव के 108 नामों का मंत्र जप करना चाहिए। मान्यता के अनुसार, सूर्य देव के मंत्रों का जप कारोबार में वृद्धि होती है और सूर्य देव प्रसन्न होते हैं।

**सूर्य देव के 108 नाम**

1. नित्यानन्दाय नमः। 2. निखिलागमवेद्याय नमः। 3. दीप्तमूर्तये नमः। 4. सौख्यदायिने नमः। 5. श्रेयसे नमः। 6. श्रीमते नमः। 7. अं सुप्रसन्नाय नमः। 8. ऐं इष्टार्थदाय नमः। 9. सम्पत्कराय नमः। 10. हिरण्यगर्भाय नमः। 11. तेजोरूपाय नमः। 12. परेशाय नमः। 13. नारायणाय नमः। 14. कवये नमः। 15. सूर्याय नमः। 16. सकलजगतांपतये नमः। 17. सौख्यप्रदाय नमः। 18. आदिमध्यान्तरहिताय नमः। 19. भास्कराय नमः। 20. ग्रहाणांपतये नमः। 21. वरेण्याय नमः। 22. तरुणाय नमः। 23. परमात्मने नमः। 24. हरये नमः। 25. रवये नमः। 26. अहस्कराय नमः। 27. परस्मै ज्योतिषे नमः। 28. अमरेशाय नमः। 29. अच्युताय नमः। 30. आत्मरूपिणे नमः। 31. अचिन्त्याय नमः। 32. अन्तर्बहिः प्रकाशाय नमः। 33. अब्जवल्लभाय नमः। 34. कमनीयकराय नमः। 35. असुरारये नमः। 36. उच्चस्थान समारूढरथस्थाय नमः। 37. जन्ममृत्युजराव्याधिवर्जिताय नमः। 38. जगदानन्दहेतवे नमः। 39. जयिने नमः। 40. ओजस्कराय नमः। 41. भक्तवश्याय नमः। 42. दशदिक्संप्रकाशाय नमः। 43. शौरये नमः। 44. हरिदश्वाय नमः। 45. शर्वाय नमः। 46. ऐश्वर्यदाय नमः। 47. ब्रह्मणे नमः। 48. बृहते नमः। 49. घृणिभृते नमः। 50. गुणात्मने नमः। 51. सृष्टिस्थित्यन्तकारिणे नमः। 52. भगवते नमः। 53. एकाकिने नमः। 54. आर्तशरण्याय नमः। 55. अपवर्गप्रदाय नमः। 56. सत्यानन्दस्वरूपिणे नमः। 57. लूनिताखिलदैत्याय नमः। 58. खद्योताय नमः। 59. कनत्कनकभूषाय नमः। 60. घनाय नमः। 61. कान्तिदाय नमः। 62. शान्ताय नमः। 63. लुप्तदन्ताय नमः। 64. पुष्कराक्षाय नमः। 65. ऋक्षाधिनाथमित्राय नमः। 66. उज्ज्वलतेजसे नमः। 67. ऋकारमातृकावर्णरूपाय नमः। 68. नित्यस्तुत्याय नमः। 69. ऋजुस्वभावचित्ताय नमः। 70. ऋक्षचक्रचराय नमः। 71. रुग्घन्त्रे नमः। 72. ऋषिवन्द्याय नमः। 73. ऊरुद्वयाभावरूपयुक्तसारथये नमः। 74. जयाय नमः। 75. निर्जराय नमः। 76. वीराय नमः। 77. ऊर्जस्वलाय नमः। 78. हृषीकेशाय नमः। 79. उद्यत्किरणजालाय नमः। 80. विवस्वते नमः। 81. ऊर्ध्वगाय नमः। 82. उग्ररूपाय नमः। 83. उज्ज्वल नमः। 84. वासुदेवाय नमः। 85. वसवे नमः। 86. वसुप्रदाय नमः। 87. सुवर्चसे



नमः। 88. सुशीलाय नमः। 89. सुप्रसन्नाय नमः। 90. ईशाय नमः। 91. वन्दनीयाय नमः। 92. इन्दिरामन्दिराप्ताय नमः। 93. भानवे नमः। 94. इन्द्राय नमः। 95. इज्याय नमः। 96. विश्वरूपाय नमः। 97. इनाय नमः। 98. अनन्ताय नमः। 99. अखिलज्ञाय नमः। 100. अच्युताय नमः। 101. अखिलागमवेदिने नमः। 102. आदिभूताय नमः। 103 आदित्याय नमः। 104. आर्तरक्षकाय नमः। 105. असमानबलाय नमः। 106. करुणारससिन्धवे नमः। 107. शरण्याय नमः। 108. अरुणाय नमः।03




# कानून व्यवस्था बनाने रखने के लिए सभी एसडीएम एवं एसडीओपी आपसी सहयोग एवं समन्वय से करें कार्य : कलेक्टर

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था के संबंध में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की ली संयुक्त बैठक



**कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए- ध्वनि प्रदूषण पर करें कार्रवाई**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कानून व्यवस्था के संबंध में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाने रखने के लिए सभी एसडीएम एवं एसडीओपी आपसी सहयोग एवं समन्वय से कार्य करेंगे। उन्होंने ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हांकन करने के लिए कहा जहां समान्यत: विभिन्न मुद्दों पर जनसामान्य में तनाव व रोष की स्थिति होती है तथा ज्यादातर धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम जैसी स्थिति बनती हो। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर नागरिकों से चर्चा करते हुए ऐसी स्थिति का समाधान करें। एसडीएम एवं एसडीओपी सजग एवं सर्तक रहकर आपसी समन्वय से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नागरिकों को हेलमेट पहनने एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत जानकारी देने की आवश्यकता है। उन्होंने जिले में अपराध की रोकथाम, की गई कार्रवाई एवं भविष्य की रणनीति के संबंध में चर्चा की। जिले में प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई, धरना प्रदर्शन, रैली, जूलूस, हिट एवं रन के प्रकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शराब की अवैध बिक्री तथा अवैध खनिज उत्खनन पर कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है। कलेक्टर ने ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम हेतु उच्च न्यायालय एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आगे भी ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ कार्रवाई जारी रखें।

पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने बताया कि शहर में पार्किंग की व्यवस्था के लिए स्थायी समाधान करने की आवश्यकता है। शहर में भारी वाहन का लोड नहीं होना चाहिए, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। यातायात व्यवस्था, पुलिसिंग, अवैध शराब की बिक्री एवं अवैध खनिज उत्खनन के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि धरना प्रदर्शन चक्काजाम एवं विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर सभी अधिकारी आपसी सहयोग से कार्य करेंगे। उन्होंने सड़क सुरक्षा अभियान के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, प्रशिक्षु आईपीएस श्री इशु अग्रवाल सहित कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस द्वारा मारपीट व लूट करने वाले आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** कोतवाली, थाना सोमनी तथा सायबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए मारपीट व लूट के मामले में एक आरोपी व दो अपचारी बालकों को हिरासत में लिया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू, एक स्कूटी (सीजी 04 एलसी 6488) तथा नगद राशि सहित मोबाइल फोन जब्त किया गया है।घटना दिनांक 28 अप्रैल 2025 की रात की है, जब ठाकुरटोला नाला के पास तीन युवक एक सफेद स्कूटी पर सवार होकर आए और दुर्ग की ओर पैदल जा रहे एक व्यक्ति को रोककर मारपीट की तथा उसका मोबाइल व बैग लूट लिया। इसके पश्चात, पारीनाला के पास एक ट्रक को जबरन रोककर आरोपियों ने ड्राइवर से गाली-गलौच की और चाकू से हमला कर दिया। इन घटनाओं के संबंध में थाना सोमनी में अपराध क्रमांक 82/2025



तथा थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 199/2025 के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिए जाने के बाद पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना पर संदेही धनेन्द्र साहू एवं दो अपचारी बालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने अपराध कबूल किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपीगण उर्स देखने राजनांदगांव आए थे और उसी दौरान लूट व हमले की वारदात को अंजाम दिया। लूटे गए पैसों में से कुछ का उपयोग खाने-पीने में कर शेष आपस में बांट लिया गया। आरोपी धनेन्द्र साहू की निशानदेही पर एक्टीवा, चाकू, लूट के ?350 तथा दो विधि से संघर्षरत बालकों से एक मोबाइल फोन एवं ?600 नगद जब्त किए गए हैं। इस सफल कार्यवाही में थाना सोमनी प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, प्रआर डूलेश्वर साहू, हेमंत अनंत, आरक्षक सहबाज सिद्दीकी, थाना कोतवाली से निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक रतन सिंह नेताम एवं सायबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## अलौकिक रामटेके ने परिवार सहित स्कूल व जिले को किया गौरवांवित



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अलौकिक रामटेके रॉयल किड्स कान्वेन्ट स्कूल के विद्यार्थी ने आईसीएसई दसवीं बोर्ड की परीक्षा में कामर्स विषय पर 77 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार सहित, स्कूल व जिले का नाम रौशन कर गौरवांवित किया है. बता दे अलौकिक रामटेके नगर के जाने माने हाईकोर्ट अधिवक्ता लवकुमार रामटेके व श्रीमती दीपा रामटेके के सुपुत्र है, वहीं अलौकिक की दो बहने जीजीसीयू बिलासपुर से कानून की पढ़ाई कर रही है. अलौकिक को उनकी दादी, नानी-नाना, चाचा, मौसी-मौसा सहित ईष्ट मित्रों ने बधाईयॉ देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की.

# तेंदुनाला में शिक्षक को दी विदाई



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विकासखंड के ग्राम विचारपुर नवागांव के माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक कमलेश कुमार बोरकर को आज सेवानिवृति पर संकुल केंद्र तेंदूनाला में विदाई दी गई। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विकास खंड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दानीलाल कंवर ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित संकुल के समस्त प्रधान पाठक, शिक्षक एवं शिक्षीकाये ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार बोरकर के योगदान की सराहना की। संकुल समन्वयक प्रदीप कुमार ध्रुव ने शिक्षा के प्रति उनकी ईमानदारी, मधुर स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा का विशेष उल्लेख किया। सभी ने उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने सेवानिवृत प्रधानाध्यापक को फूल माला पहनाकर शाल से सम्मानित किया। साथी शिक्षकों ने भी अपने शिक्षक साथी को भावभीनी विदाई दी। इस कार्यक्रम में संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com